DAINIK SAVERA HINDI

Dt. 16.07.2019 Tuesday

सी.ओ.ई.एफ.एम. लुधियाना ने तैयार किया बायोडीजल प्लांट

खाद्य तेल से तैयार होने वाले इस ग्रीन डीजल की कीमत होगी कम, वातावरण के लिए भी बेहतर

सी.ओ.ई.एफ.एम. लुधियाना द्वारा विक्सित सैमी-अविरल बायोडीजल प्लांट तकनीक ओड़िशा के अधिकारियों को सौंपते वैज्ञानिक।

लुधियाना, 15 जुलाई (मनधीर) : दिन-ब-दिन बढ़ रही डीजल की कीमतों से आमजन की ढीली हो रही जेब की बचत के लिए सी.एम.आई.आर.-सी.एम.ई.आर.आई. की अध्यक्षता में सी.ओ.ई.एफ.एम. लुधियाना के वैज्ञानिकों ने सैमी-अविरल बायोडीजल प्लांट की तकनीक विकसित की है।

भविष्य में डीजल की जगह ले सकते बायोडीजल को तैयार करते इस प्लांट में 8 घंटे में 600 लीटर डीजल तैयार किया जा सकता है। प्लांट की कीमत 6 से 7 लाख रुपए है, जबकि मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर अन्य खर्च निकालने के बाद तैयार होने वाला डीजल लोगों को 52 से 58 रुपए प्रति लीटर मिलेगा, जिससे प्रति लीटर उनकी 8 रुपए की बचत होगी। पूरी तरह से इको फ्रैंडली ग्रीन डीजल को खाद्य तेल जटरोफा, करंज, तुंग, महुवा, जेजोबा आदि बीज से तैयार किया जा रहा है। इस तकनीक को बीते रविवार ओडिशा, भुवनेश्वर स्थित मैसर्स बासुदेव बायोजीडल एल.एल.पी. के प्रो. हरीश हिरानी द्वारा स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि वह इस प्लांट को बना कर अब बेचेंगे ताकि लोगों को डीजल का विकल्प कम कीमत में मुहैया करवाया जा सके। प्रोजैक्ट के लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद, श्री प्रमोदसमंत्रा, मैसर्स बासुदेव बायोडीजल एल.एल.पी., भुवनेश्वर, ओडिशा ने इस व्यावसायिक प्रयास में समर्थन के लिए सी.एस.आई.आर. का आभार व्यक्त किया और उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि बयोडीजल प्रौद्योगिकी की बाजार में बड़ी संभावनाएं हैं।